C.P. GROUP

touching lives

कम्पिल रोड, कायमगंज, जिला फर्रुखाबाद, उ.प्र. 209502

cpfoundation.com



# प्रयास

## Corporate Social Responsibility and Business Diversity

C.P. GROUP

touching lives

# सर्वे भवन्तु सुखिनः



स्व0 श्री चन्द्र प्रकाश अग्रवाल
"पिक्को बाबू"

ईश्वर में आस्था रखने वाले "सर्वे भवन्तु सुखिनः" की भावना के पालक स्व0 श्री चन्द्र प्रकाश अग्रवाल "पिक्को बाबू" ने एक छोटे घरेलू स्वरूप में व्यापार प्रारम्भ किया था। आगे चलकर इनके दोनों पुत्रों श्री सत्यप्रकाश अग्रवाल एवं श्री लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ने व्यापार में ईमानदारी, निष्ठा, नैतिकता एवं पारदर्शिता की नींव रखी और साथ ही साथ धार्मिक व सामाजिक कार्यों को करते हुए उद्योग को ऊँचाई प्रदान की।

आज इनके द्वारा स्थापित उद्योग समूह श्री राम टुबैको कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड, सी. पी. मिल्क एण्ड फूड प्रोसेसिंग लखनऊ, ज्ञानधारा पशु आहार, सी. पी. मसाले, जे. एम. टुबैको कम्पनी, कोल्डस्टोरेज की चेन, सी. पी. कोल्ड स्टोरेज कायमगंज, नारायन आश्रम फर्रूखाबाद, अटैना आश्रम, सी. पी. अतिथि गृह आदि क्षेत्रों में प्रगति के आयाम स्थापित किये तथा तमाम मन्दिरों का निर्माण व जीर्णोद्धार, टूटी फूटी सड़क व गलियों का निर्माण तथा निर्धनों के लिए धर्मशाला व बारात घरों का निर्माण तथा पानी पीने के लिए नगर में हैण्ड पम्प व ट्यूबवेलों का निर्माण सी. पी. ग्रुप द्वारा कराया गया।

शिक्षा की कमी को देखते हुए सी. पी. विद्या निकेतन आई. एस. सी. बोर्ड, सी. पी. विद्या निकेतन इण्टर कालेज, सी. पी. इण्टरनेशनल स्कूल, श्रीराम हायर सेकन्ड्री स्कूल, शकुन्तला देवी महिला महाविद्यालय, शकुन्तला देवी इण्टर कालेज एवं शकुन्तला देवी सी. बी. एस. सी. बोर्ड से संस्थाएं संचालित हैं जो कि फर्रूखाबाद जनपद व आस–पास क्षेत्रों में सर्वोत्तम शिक्षा देने वाली संस्थाऐं हैं।

सी. पी. समूह द्वारा जरूरतमंद एवं निर्धनों के लिए सौ बैड का अत्याधुनिक सुविधा युक्त सी. पी. मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल का प्रारम्भ किया गया है। जिसमें अत्यन्त कम खर्च पर चिकित्सा का लाभ हजारों परिवारों को मिलने जा रहा है।

आपका प्रयास है कि आप द्वारा समाज के अन्तिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचे, कोई भूखा न सोये तथा कोई भी व्यक्ति षिक्षा से वंचित न रहे। आपका व्यवहार समूह में कार्यरत सहयोगी कर्मचारियों के प्रति स्नेह से भरा एवं पारिवारिक माहौल से युक्त उद्योग जगत के लिए एक अनोखी मिसाल है।

उद्योग के साथ–साथ सामाजिक कार्यों में भी सी. पी. समूह सदैव आगे रहा है। शिक्षा तथा आरोग्य क्षेत्र में मुख्य योगदान के अलावा धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक स्वच्छ भारत अभियान वृक्षारोपण, राजनैतिक तथा अन्यान्य क्षेत्रों में आप द्वारा प्रषंसनीय योगदान किया गया है।

विरासत में मिले संस्कारों एवं नैतिक मूल्यों को आधार मानकर आज सी. पी. ग्रुप का नेतृत्व करने वाला परिवार का प्रत्येक सदस्य सेवा को सर्वोपरि मानता हुआ प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

# प्रबंध प्रणाली



श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल



श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल



श्री एल एन अग्रवाल



श्रीमती मोनिका अग्रवाल

# महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ एवं विशिष्ट सम्मान प्राप्त करते हुए

C.P. GROUP touching lives

C.P. GROUP touching lives

# शिक्षा




## सी०पी० इंटरनेशनल स्कूल, फर्रुखाबाद

फर्रुखाबाद शहर में बच्चों को उच्चस्तरीय शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से सी0पी0 इंटरनेशनल स्कूल (सी0बी0एस0ई) की 2012 में स्थापना की गई। एक विशाल बहुमंजिला इमारत में संचालित यह विद्यालय सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस है व उसमें बच्चों के खेल कूद के अन्य साधनों के साथ ही सुंदर तरणताल का भी निर्माण कराया गया है जिसमें बच्चे तैरने की कला में भी निपुण हो सकें।



## सी०पी० विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, कायमगंज

माध्यमिक शिक्षा परिषद के अच्छे स्कूलों की कमी को दूर करते हुए सन् 1995 में सी0पी0 विद्या निकेतन इंटर कॉलेज की स्थापना हुई जो 90 विद्यार्थियों से शुरू होकर आज लगभग 1800 बच्चों को शिक्षा दे रहा है यहां से निकले हुए कई विद्यार्थी इंजीनियरिंग, मेडिकल, अध्यापन, आदि क्षेत्रों के साथ–साथ यू0पी0एस0सी0 की परीक्षा में भी उत्तीर्ण हो चुके हैं। यहाँ काफी सारी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गयी हैं, जैसे कि तरणताल, बोर्डिंग हाउस, प्रिंसिपल रेजिडेंस, एमफीथिएटर, स्पोर्ट्स की सभी सुविधाएं, स्कूल मैस आदि।



## सी०पी० विद्या निकेतन, कायमगंज

कायमगंज में शिक्षा हेतु कोई भी पब्लिक स्कूल या कान्वेंट स्कूल नहीं था यहां के विद्यार्थी देहरादून, मसूरी, नैनीताल तथा ग्वालियर आदि जगहों पर पढ़ने जाते थे। उस कमी को दूर करते हुए सन् 1991 में सी0पी0 विद्या निकेतन (आई0सी0एस0ई) स्कूल की स्थापना की गई जो 300 बच्चों से शुरू हुआ और आज लगभग साढे 3000 बच्चे अध्ययन करते हैं।



## श्रीराम शिक्षा सदन, परिउली

कायमगंज से दूर शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्र के गांव परिउली में अच्छे शिक्षा प्राप्त करने का कोई संस्थान नहीं था। यहां के प्रतिभाशाली बच्चों को भीं को अंग्रेजी माध्यम से अच्छी शिक्षा प्राप्त हो इसलिये श्री राम शिक्षा सदन अंग्रेजी माध्यम की स्थापना की गई।

# शिक्षा



## शकुंतला देवी महिला महाविद्यालय एवं शकुंतला देवी बालिका इंटर कॉलेज, कायमगंज

क्षेत्र में बालिकाओं की उच्च शिक्षा हेतु अच्छी संस्थाओं का अभाव था अतः उन्हें शिक्षा प्राप्त करने के लिए अन्य शहरों में जाना पड़ता था। इस कमी को दूर करते हुए सन् 1999 में शकुंतला देवी महिला महाविद्यालय व शकुंतला देवी बालिका इंटर कॉलेज की स्थापना की गई।




## शकुंतला देवी इंग्लिश मीडियम स्कूल, कायमगंज

कायमगंज नगर में बालिकाओं के लिये अंग्रेजी माध्यम से अच्छी शिक्षा प्राप्त करने हेतु कोई व्यवस्था नहीं थी और क्षेत्र के होनहार बच्चों को कहीं ना कहीं दूसरे शहरों में जाकर पढ़ना पड़ता था। अंग्रेजी माध्यम की इस कमी को देखते हुए 2018 में शकुंतला देवी इंग्लिश मीडियम स्कूल की स्थापना की गई जिससे यहां की बालिकाओं को अपने ही क्षेत्र में अपने सपनों की उड़ान मिल सके।

## शकुंतलम टीचर्स कॉलोनी

सी0पी0 ग्रुप ऑफ स्कूल्स में दूरदराज के विभिन्न जनपदों से आए हुए अध्यापकों को उचित आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु 2001 में शकुंतलम टीचर्स कॉलोनी का निर्माण कायमगंज में कराया गया। स्वच्छ प्राकृतिक वातावरण में निर्मित इस कॉलोनी में पूर्ण आवासीय सुविधाओं का लाभ प्राप्त करते हुए अध्यापक सपरिवार रहते हैं।

# धार्मिक स्थल



## गमा देवी मंदिर, कायमगंज

कायमगंज से सटे हुए गांव चिलौली में गमा देवी के नाम से प्राचीन पूजा स्थल है। इस पूजा स्थल को भव्य मंदिर के रूप में बदलने का कार्य श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल जी के द्वारा किया जा रहा है। विशाल भव्य प्रांगण में स्थित यह मंदिर आज बड़ी देवी मंदिर के नाम से जाना जाता है।




## मंदिर मीरगंज

कायमगंज के समीप मीरगंज नाम का एक गांव है जहां लोगों की आस्था का प्रतीक गांव का मंदिर जीर्ण शीर्ण अवस्था में था। गांव में धार्मिक अनुष्ठानों के लिए कोई अन्य स्थान नहीं था। आदरणीय भाई साहब श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल जी ने इस मंदिर को भव्य निर्माण कराया साथ ही बड़े प्रांगण और साधु–संतों के ठहरने के लिए भवन का निर्माण भी कराया।



## बुद्ध विहार, संकिसा

संकिसा बौद्ध धर्म की पवित्र स्थली है। यहां भारत के ही नहीं बल्कि अन्य दूर देशों के पर्यटक एवं बौद्ध धर्म धर्मावलंबी आते रहते हैं किंतु वहां उनके ठहरने के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। इस कमी को दूर करते हुए वहां विशाल बुध विहार का निर्माण कराया गया।




## गिरजा शंकर मंदिर, जौरा

धार्मिक कार्यों के प्रति उदारता का भाव रखने वाले आदरणीय श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल जी ने कायमगंज के समीप गांव जौरा में शंकर जी के सुंदर मंदिर का निर्माण कराया जो कि अब जौरा ग्राम वासियों का प्रमुख पूजा स्थल है।

# धार्मिक स्थल



## मंदिर उगरपुर

यह मंदिर उगरपुर गांव में आबादी से बाहर एक छोटा सा पूजा स्थल था। वहां उठने बैठने या धार्मिक कार्यों को संपन्न करने के लिए अच्छी जगह का अभाव था। धार्मिक कार्यों में अग्रणी श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल जी ने इस पूजा स्थल को भव्य रुप दिया साथी वहां साधु–संतों को ठहरने हेतु धर्मशाला का निर्माण भी करवाया।



## राधा कृष्ण मंदिर, कायमगंज

कायमगंज नगर में राधा कृष्ण का मंदिर बहुत ही प्राचीन है। इस मंदिर को भव्य रूप देने का कार्य आदरणीय श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल जी के द्वारा किया गया अब यह मंदिर जहां एक ओर से नगर की पहचान बन गया है वहीं दूसरी ओर इसकी देखभाल भी अच्छे से हो रही है।



## जूही शाह बाबा, कायमगंज

नगर से ही लगे हुए बहुत पुरानी जूही शाह बाबा की मजार है। केवल मुसलमान ही नहीं अन्य धर्मों के लोग भी यहां आते रहते हैं। यहाँ भी ठहरने आदि की व्यवस्था नहीं थी अतः श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल जी ने इस मजार का जीर्णोद्धार कराया।



## जैन श्वेतांबर मंदिर, कंपिल

कंपिल जैन मुनियों का तीर्थ स्थल है। यहाँ तेरहवें तीर्थकार विमलनाथ जी जैन की जन्म भूमि है। इस मंदिर के जीर्णोद्धार व निर्माण में सत्य प्रकाश अग्रवाल जी व उनके परिवार की अहम भूमिका रही।

# आश्रम व धर्मशालायें



## नारायण आश्रम, पांचाल घाट

पांचाल घाट पर मां गंगा के किनारे बाहर से आने वाले संत महात्माओं एवं अन्य श्रेष्ठ जनों के ठहरने योग्य कोई उचित आश्रम नहीं था जिससे बाहरी आगंतुकों को फर्रुखाबाद शहर में रुकना पड़ता था। इस कमी को दूर करने के लिए गंगा के किनारे ही भव्य नारायण आश्रम का निर्माण 2012 में कराया गया यह भव्य आश्रम मां गंगा की गोद में अपने सौंदर्य की बिखेर रहा है।



## नारायण आश्रम, अटेना घाट

फर्रुखाबाद जनपद में बदायूं सीमा से लगे हुए अटेना घाट पर गंगा के किनारे पांचाल घाट पर साधु संतों के ठहरने के लिए नारायण आश्रम का निर्माण 2018 में कराया गया है। बहुत विशाल प्रांगण में स्थापित यह आश्रम सभी सुविधाओं से युक्त तथा सुंदर प्राकृतिक वातावरण में अपनी सुंदर आभा बिखेर रहा है।



## धर्मशाला, कंपिल

कंपिल महाभारत कालीन इतिहास की प्रसिद्ध नगरी होने के साथ जैन धर्म का भी पवित्र तीर्थ स्थल है व यहां दूर–दूर से लोग आते रहते हैं। किंतु छोटा नगर होने के कारण यहां बाहरी आगंतुकों के ठहरने की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। इस कमी को दूर करते हुए जैन धर्मशाला जैन मंदिर के समीप भव्य धर्मशाला का निर्माण 2008 में कराया गया।



## अग्रवाल सभा भवन, कायमगंज

कायमगंज व्यवसाय में अग्रणी भूमिका निभाने वाला नगर है एवम यहाँ अग्रवाल समुदाय के बहुत लोग निवास करते हैं। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व सभी इत्यादि आयोजनों के लिए यहाँ 1990 में यहाँ विशाल अग्रवाल सभा भवन का निर्माण कराया गया।

# आश्रम व धर्मशालायें



### सी०पी० अतिथि गृह, कायमगंज

कायमगंज का सबसे बड़ा तंबाकू का व्यापार है। दूरदराज के व्यापारी यहां व्यापार करने के लिए आते हैं। एक अच्छे होटल या अतिथि ग्रह की कमी को दूर करने के लिए आदरणीय बाबू श्री चंद्र प्रकाश अग्रवाल की प्रेरणा से उनके दोनों पुत्र श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल एवं श्री लक्ष्मी नारायण अग्रवाल द्वारा सन 1987 में सी०पी० अतिथि गृह का निर्माण कराया गया।



### रॉयल कैफे, कायमगंज

कायमगंज तंबाकू का प्रमुख व्यवसाई केंद्र है इसलिए यहाँ बहुत व्यापारी आते रहते हैं। यहां उनके योग्य अच्छे रेस्टोरेन्ट के लिए रॉयल कैफे का निर्माण कराया गया।

# गौशालायें



### गौशाला गमा देवी मंदिर, कायमगंज

गौ संरक्षण एवं संवर्धन हेतु कायमगंज में गमा देवी मंदिर से लगी हुई भूमि पर गौशाला का निर्माण कराया गया है।

# स्वास्थ्य व चिकित्सा



सी०पी० मल्टीस्पेशैलिटी हॉस्पिटल, कायमगंज

कायमगंज क्षेत्र में अच्छे अस्पतालों का अभाव है। बीमार होने पर लोगों को फर्रुखाबाद या अन्य शहरों में जाना पड़ता है। अच्छी चिकित्सा सुविधा ना होने के कारण यहां के लोग विभिन्न परेशानियों का सामना करते हैं। चिकित्सा सुविधाओं की इस कमी को देखते हुए एक विशाल अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा है जिससे कि अब यहां के निवासियों को अपने नगर में ही अच्छी चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# अन्य

शमशान घाट, फर्रुखाबाद

पांचाल घाट में फतेहगढ़ मार्ग पर स्वर्ग धाम के नाम से यह शमशान घाट है जहां दूर–दूर से लोग शवों को लेकर दफनाने आते हैं। इस स्वर्ग धाम में सुंदर शमशान घाट का निर्माण कराया गया है व यहाँ लोगों को बैठने एवं रुकने की उचित व्यवस्था की गई है।



रूम फॉर ट्रेफिक पुलिस, अटैना घाट

जनपद फर्रुखाबाद की सीमा गंगा नदी पर अटेना घाट पुल पर सरकार द्वारा ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था की गई है। उनके ठहरने की व्यवस्था के हेतु पुल के एक छोर पर एक रूम की व्यवस्था आदरणीय श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल जी के द्वारा की गई।

# व्यवसाय




## श्री राम टुबैको कम्पनी

मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे



## ज्ञान डेयरी – सी०पी० मिल्क ऐंड फूड्स प्र०लि०

मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे



## ज्ञानधारा

मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे मां गंगा के किनारे